# रुपये मांगने पर हसिया मारकर की हत्या

## पुलिस ने हत्या के मामले का किया खुलासा, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 24 सितंबर. खेत पर घास काटने गए व्यक्ति की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि उसने मृतक को 350 रूपये उधार दिये थे।**

रूपये मांगने पर मृतक द्वारा इंकार व गाली-गलौज करने पर दोनों में विवाद हो गया। झूमाझटकी के दौरान आरोपी ने मौके पर रखे हसिए से मृतक के सिर पर वार किया तथा पैरों से छाती पर प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर को फरियादी हेमराज आलोने निवासी सूरगांव ने थाना बैतूल बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता देवराव आलोने सुबह करीब 6.30 बजे खेत में घास काटने गए थे। उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर उनकी हत्या कर दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे मय पुलिस स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटें मिलने से प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत होने पर घटनास्थल का सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी बैतूल बाजार द्वारा हत्या के प्रकरण का मामला पंजीबद्ध कर धारा 103(1) बीएनएस में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।




### हत्या में प्रयुक्त हसिया व कपड़े बरामद

गहन विवेचना एवं लगातार पूछताछ के दौरान संदेही कचरू उर्फ कचरया पिता मधू बेनाइत निवासी सुरगांव से सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि मृतक देवराव से उसने 350 रुपए उधार दिए थे, रुपये मांगने पर मृतक द्वारा इंकार करने व गाली-गलौज करने पर दोनों में विवाद हो गया। झूमाझटकी के दौरान आरोपी ने मौके पर रखे हसिए से मृतक के सिर पर वार किया तथा पैरों से छाती पर प्रहार किया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी ने प्रयुक्त हथियार हसिया एवं अपने कपड़े नदी किनारे कुएं के पास फेंक दिए थे। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त हसिया व कपड़े बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

**अधिकारियों ने किया था घटना स्थल का निरीक्षण:** पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी बैतूल सुनील लाटा एवं प्रभारी सीन ऑफ क्राइम निरीक्षक आबिद अंसारी, थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे के साथ डॉग स्क्वाड द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा स्वयं घटनास्थल पहुंचकर घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ की गई।

## एटीएम बदलकर की ठगी

**गुना।** शहर में एटीएम बदलकर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित प्रकाश चंद धाकड़, निवासी वृज विहार कॉलोनी नानाखेड़ी मंडी के पास गुना ने कैंट थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, अज्ञात युवकों ने चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि वह बुधवार सुबह लगभग आठ बजे अपनी पत्नी के एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के लिए मंडी के पास स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम पर गए थे। उन्होंने कई बार कोशिश की लेकिन पैसे नहीं निकले। तभी एक युवक वहां आया और मदद का बहाना करते हुए उनसे मोबाइल नंबर डालने को कहा। इसी दौरान दो अन्य युवक भी एटीएम पर पहुंचे और पैसे निकलवाने में मदद करने का नाटक करने लगे। इस बीच कब उनका एटीएम कार्ड बदल दिया गया, उन्हें पता ही नहीं चला। प्रकाश धाकड़ के अनुसार, जब पैसे नहीं निकले तो वह घर लौट आए। घर पहुंचकर जब उन्होंने अपने खाते की जांच की तो पता चला कि खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।

# डीटीओ का अभियान, डीपीसी पकड़ रहे वाहन

## परिवहन विभाग चला रहा विशेष चैकिंग अभियान, नियम विरुद्ध दौड़ रहे वाहन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 सितंबर. परिवहन विभाग का कमर्शियल वाहनों की जांच के साथ-साथ स्पेशल इन्फोर्समेंट ड्राइव (विशेष चैकिंग अभियान) सिर्फ कागजों में दिखाई दे रहा है. अभियान के तीसरे दिन बुधवार को शहर सहित आसपास बिना परमिट और नियम विरुद्ध धड़ल्ले से वाहन दौड़ते नजर आए. इसका प्रमाण यह है कि रविवार को खुद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जब नियम विरुद्ध चल रहे स्कूल वाहनों को देखा तो उन्हें रोककर चेतावनी दी और स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेजने की बात कही. वहीं इन वाहनों पर परिवहन विभाग की नजर नहीं जाना आश्चर्य का विषय है.**

गौरतलब है कि परिवहन विभाग ने 22 सितंबर से पूरे प्रदेश में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत वाहनों का परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी सर्टिफिकेट आदि जांच की जाना है. यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. वाहनों में ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, बसों में क्षमता से अधिक सवारी होने पर सख्ती की जाएगी. लेकिन बुधवार को नियम विरुद्ध स्कूल वाहन चलते नजर आए.

दरअसल बुधवार को डीपीसी आरआर ऊईके निजी स्कूलों को चेक करने जा रहे थे. इस दौरान उनकी नजर सड़कों पर तेज व लापरवाहीपूर्वक चल रहे स्कूली वाहनों पर पड़ी. उन्होंने जब स्कूल वाहनों को चेक किया तो पता चला कि यह वाहन स्कूली बच्चों को ले तो जा रहे थे, लेकिन हकीकत में ये वाहन किसी स्कूल में अटैच न होकर निजी वाहन थे.



### जिले में धड़ल्ले से दौड़ रहे जर्जर व खस्ताहाल वाहन

एक तरफ परिवहन विभाग का अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कंडम हालत के सवारी वाहन भी धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस पर ध्यान ही नहीं है. यही नहीं ओवर लोडिंग पर भी लगाम नहीं है। खुद आरटीओ कार्यालय के सामने से ही भोपाल से आने वाले ऑटो में ओवर लोड सवारियां निकल रही हैं. स्थिति यह होती है कि कई बार ये सवारी ऑटो ओवरलोडिंग के कारण अनियंत्रित होकर पलट भी गए, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं.

# नपा अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 24 सितम्बर आज नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सहायक अभियंता श्रीमती मीनाक्षी चौधरी और सब इंजीनियर आदित्य पांडे के साथ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गति, गुणवत्ता और डिजाइन पर विशेष ध्यान दिया।**



**एसडीआरएफ नाला निर्माण-** अध्यक्ष पंकज चौरे ने सबसे पहले 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बन रहे एसडीआरएफ नाले के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस नाले का निर्माण राधा कृष्ण मार्केट, वार्ड नंबर 31 की गलियों, अग्रवाल स्कूल के सामने और समरसता नगर सहित मार्केट क्षेत्र के गंभीर जलभराव की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान, अध्यक्ष ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उन नागरिकों से भी अपील की, जिनका अतिक्रमण नाले के रास्ते में आ रहा है, कि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए और परियोजना समय पर पूरी हो सके।

## परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपा

**रहली.** पीजी कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा परिणाम से नाखुश हैं. 80 प्रतिशत विद्यार्थियों को किसी न किसी विषय में शून्य अंक मिला है. विद्यार्थियों ने हर्ष चौरसिया की अगुआई में रानी अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कुलदीप पाराशर को सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि रानी अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय द्वारा बीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली के 80 प्रतिशत विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के शून्य अंक मिला है जिससे विद्यार्थी दुखी व अक्रोशित है.

# आरक्षक की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत

## एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच, तलाशे जा रहे कारण

नवभारत न्यूज

**विदिशा 24 सितम्बर,पुलिस लाइन क्वार्टर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गुलाबगंज थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी राजेश रघुवंशी की पत्नी रानी रघुवंशी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. घटना की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया.**



35 साल की रानी रघुवंशी के दो बच्चे हैं 15 साल की बेटी और 9 साल का बेटा और पति राजेश रघुवंशी गुलाबगंज में पदस्थ है. घटना की जानकारी मिलते ही मृतिका रानी की बहन विनीता रघुवंशी हॉस्पिटल पहुंची और राजेश पर सनसनीखेज आरोप लगाए. उनका कहना था कि राजेश ने ही उनकी बहन की हत्या की है. उनका कहना था कि जब राजेश की ड्यूटी गुलाबगंज थी, तो वह घर पर क्यों था और कोई महिला कुर्सी पर बैठकर फांसी कैसे लगा सकती है.उन्होंने आरोप लगाया कि राजेश ने पहले भी रानी को प्रताड़ित किया था, कल खाना तक नहीं दिया और घर से निकालने की धमकी दी थी. उन्होंने साफ कहा मेरी बहन मरने वालों में से नहीं थी.

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीतसिंह रघुवंशी के निर्देशन में ग्राम पचांयत नांदनी में पीएम श्री उच्चत्तर मावि में छात्राओ द्वारा सिंगल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध पर रंगोली,निंबध तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की. प्राचार्य मनोज कुमार वत्स ने कहा कि छात्राओ को सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया जावें. अन्त में सरंपच प्रतिनिधि राहुल बांगरी ने प्लास्टिक मुक्त की शपथ/संकल्प दिलवाकर कार्यक्रम का समापन किया.

## एक नजर में



### पांडालों में पत्नी संग पहुंचे विधायक ने की पूजा

**सीहोर.** श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव के साथ शारदीय नवरात्रा पर्व शहर में मनाया जा रहा है. शहर में कई समितियों द्वारा पंडालों में मातारानी की प्रतिमाएं विराजित की गई है. विधायक सुदेश राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय नमक चौराहा एवं कोतवाली चौराहा स्थित माता जगदंबा के दरबार में आयोजित आरती में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने माता रानी के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर आरती की. नमक चौराहा एवं कोतवाली चौराहा दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक राय और समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय का स्वागत किया. उन्होंने दुर्गा भवानी माता जगदंबा से नागरिकों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर समिति सदस्यों के द्वारा की गई.



### पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से दी गईं जानकारियां

**सागर.** विवेकानंद वार्ड स्थित शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह पखवाड़ा का आयोजन पार्षद डॉ याकृति जड़िया की उपस्थिति में किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं का वजन एवं ऊँचाई लेकर उनका बीएमआई निकाला गया. साथ ही पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से मोटे अनाज, हरी सब्जि़याँ और मुनगा जैसे पौष्टिक आहार के लाभों की जानकारी दी गई. परियोजना अधिकारी सागर शहरी-2 संध्या ढाडी ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी. पार्षद डॉ जडिया ने कहा कि प्रत्येक बालिका को अपना हीमोग्लोबिन स्तर एवं ब्लड ग्रुप अवश्य पता होना चाहिए.

### नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन आज

**गुना।** लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नि :शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में गुरूवार, शुक्रवार को लायंस अस्पताल गुना में नि :शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 25 सितंबर को गुना जिले के बजरंगढ़, हड्डीमील शुक्रवार को बूढ़े बालाजी, कोल्हूपुरा में भी नि :शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लाना ले जाना खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक नि :शुल्क किए जाएंगे।

### हस्ताक्षर अभियान की रूपरेखा के लिए बैठक

**पठारी,** कुरबाई विधानसभा क्षेत्र के पठारी ब्लाक काँग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम भाल बामोरा बस स्टैंड पर शाम 6 .30 बजे बैठक आयोजित की गई जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी मुहिम वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान का आगाज हुआ .इस अभियान का उद्देश्य कथित वोट चोरी के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है.

## स्वरोजगार मूलक योजनाओं की समीक्षा

**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों में स्वरोजगार मूलक योजनाओं की प्रगति की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, डॉ.भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के साथ स्व सहायता समूह के बैंक लीकेज की प्रगति की भी बैंक वार जानकारी ली।

# मध्य प्रदेश का पहला पर्पल फेयर गुना में आयोजित



**गुना। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सी.आर.सी.) भोपाल एवं जिला प्रशासन, गुना के सहयोग से स्थानीय मानस भवन में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विगत दिवस पर्पल फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करना और एक समावेशी समाज का निर्माण करना, उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।



# मोरिंग पाउडर से बच्चों को मिलेगी कुपोषण से मुक्ति : नीरज मनोरिया

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन,जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले भर में विभिन्न गतिविधियां जारी हैं।**

इसी क्रम में शहर के वार्ड नंबर 19 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आयु के अनुसार उपयुक्त प्रतिक्रियाशील आहार और स्वच्छता प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कायक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 19 के पार्षद, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, विपिन रघुवंशी रामेति नामदेव, आशा कौशल चेतना रघुवंशी एवं वार्ड क्रमांक 1, 10, 11, 17, 18, 19, 20, 21, 22 की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावक, वार्डवासी, गर्भवती, धात्री माता एवं बच्चे मौजूद थे।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कर्तव्य का कर रहे निर्वहन

इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री मनोरिया ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनें, अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक कर रही हैं, इनके माध्यम से सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन आमजन के बीच हो रहा है। कुपोषित, कम कुपोषित बच्चों को जन सहयोग से जो मोरिंगा पाउडर के रूप में पोषण आहार दिया जा रहा है, इससे निश्चित ही बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। इस तरह के आयोजनों से आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी समय पर मिलती है। तथा योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिलता है। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर प्रियंका पवार ने विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए, समय पर उनका लाभ लेने एवं गर्भवती धात्री माता, बच्चों को, टीकाकरण, वजन, पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई।

# घुरेल धाम निर्माण के लिए 1 नवंबर को आधारशिला

## सभी के सहयोग से एक विशाल और भव्य मंदिर का निर्माण होगा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/सुठालिया 24 सितंबर, सं. ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर घुरेल धाम स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर धाम पर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार मंदिर समिति द्वारा बैठक रखी गई. 1 नवंबर को घुरेल पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु आधार शिला रखी जाना है.**

सभी के सहयोग से घुरेल धाम पर एक विशाल और भव्य मंदिर का निर्माण होगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर धाम के आसपास आने वाले 52 गांव, सुठालिया एवं ब्यावरा से श्रद्धालुओं की ओर से सहयोग मिले तो इससे मंदिर निर्माण में सभी की सहभागिता होगी. बैठक में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, व्यापारीगण, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग, गांव के पटेल, सरपंच, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर अपने विचार रखे.

बैठक में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा नेता जगदीश पंवार, कृष्णपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, डा. विश्वनाथ दांगी, मान सिंह टोंका, पूर्व एसडीएम आलोक कुमार सिंह सहित विभिन्न दल, संगठनों के सदस्यगण, श्रद्धालुजन उपस्थित रहे. सभी ने बारी-बारी से अपने विचार रखते हुए सुझाव दिए. पुजारी बद्रीनाथ महाराज द्वारा मंदिर स्थापना से लेकर आज तक की जानकारी से अवगत कराया. श्याम सिंह चौहान ने समिति के कार्यों का लेखा- जोखा प्रस्तुत किया. विनोद शर्मा ने संचालन किया. समिति के अध्यक्ष होकम सिंह सोंधिया ने आभार माना.

## सेवा पखावाड़ा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**गुना।** जिलेभर में सेवा पखवाडा अभियान आयोजित किया जा रहा हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज थीम पोषण आधारित कैंप आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयोजित किये गये। तथा ब्लॉक आरोन के आयुष्मान मंदिर माता मूडरा में सभी मरीजों को उचित पोषण की सलाह दी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। विकासखंड राघोगढ़ में शा. आदिवासी कन्या आश्रम शाला रुठियाई में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


**निरीक्षण** | अधिकारी के निरीक्षण ने खोली शिक्षा व्यवस्था की पोल

# कोटरा खैरा के शासकीय स्कूल में पहुंचे सीईओ हालात देखकर हुए नाराज

**नवभारत न्यूज पलेरा। शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार भले ही दावे कर ले कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो रहा है, परन्तु टीकमगढ़ जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते शिक्षा व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। ऐसी ही तस्वीर ग्राम कोटरा खैरा गांव में उस समय देखने को मिली जब अचानक जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा यहां पहुंच गए।**

शासकीय स्कूलों में शिक्षक आ रहे हैं या नहीं इसकी हकीकत का जायजा लेने के लिए पलेरा जनपद पंचायत के सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बुधवार के दिन ग्राम पंचायत बूदौर अंतर्गत आने वाले गांव कोटरा खैरा के स्कूल का जायजा लिया। वह करीब 12 बजे के लगभग स्कूल में पहुंचे तो वहां उन्होंने देखा कि विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं है। शासकीय प्राथमिक शाला कोटरा खैरा में महज एक शिक्षक की उपस्थिति एवं सभी छात्र एवं छात्राओं की अनुपस्थिति को लेकर सीईओ ने नाराजगी जताई। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जब स्कूल में विद्यार्थियों के उपस्थित न होने का कारण पूछा तो शिक्षक के पास कोई जवाब नही था। बताया गया है कि इस पूरे मामले को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।

दरअसल पलेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूल बदहाल हैं। स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं पहुंच रहे हैं। उपस्थिति रजिस्टर खाली रखे गए, जिसे बाद में भरा जा सके। ग्रामीण अंचलों में स्कूलों का हाल ज्यादा खराब है। यहां पर शिक्षक नियमित नहीं आ रहे। अधिकतर शिक्षक नगर एवं शहर में निवास करते हैं। शहर से गांव में जाने वाले शिक्षक नियमित स्कूल में नहीं पहुंचते हैं।




### ग्रामीण अंचल की आंगनबाड़ियां रहती हैं बंद

जिले के अंतर्गत आने वाले पलेरा क्षेत्र सहित खरगापुर, बल्देवगढ़ के कई ग्राम ऐसे हैं, जहां आंगनबाड़ियों में पदस्थ सहायिका और कार्यकर्ता नहीं पहुंचती हैं। यहां लापरवाही देखने को मिलती है। अक्सर ग्रामों से ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जहां महीनों-महीनों आंगनबाड़ियों के ताले तक नहीं खोले जाते। लोगों के अनुसार इस ओर प्रशासनिक अमला ध्यान नहीं देता।

## एसडीएम ने किया निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण

**पिपरिया** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देश पर फोटो निर्वाचक नामावली के कार्यो की समीक्षा हेतु गहन पुनरीक्षण कार्य निर्वाचन कार्यालय में किया जा रहा है। जिसको लेकर एसडीएम देवेन्द्र प्रतापसिंह ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उपमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण हेतु कार्य किया जा रहा है जिसमें विधानसभा क्षेत्र में फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के विवरणो की गहन पुनरीक्षण 2003 के मतदाताओं की सूची में अंकित विवरणो से मिलान कर जानकारी निर्धारित प्रपत्रो में तैयार की जा रही है।